Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Singh Shri Ganesh

an>

Title: Need to remove objectionable phrases used against Hindu deities in the syllabus of Indira Gandhi National Open University.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन विश्वविद्यालय द्वारा, एम.ए. इतिहास एवं राजनीति शास्त्र के भारत के धार्मिक चिंतन एवं आस्था नामक पुस्तक में हिन्दू धार्मिक आस्था के प्रतीक भगवान शंकर एवं जगत जननी माता दुर्गा के बारे में जिस तरह से आपत्तिजनक कई उद्धरण पाठयक्रम में शामिल किये गये हैं, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

मानव संसाधन मंत्री ने 19.07.2006 को आपत्तिजनक उद्धरणों को पाठयक्रम से हटाये जाने का बयान दिया था। 20.07.06 को वि0वि0 में कुलपति ने उक्त आपत्तिजनक उद्धरण की समीक्षा करने हेतु एक 7 सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसकी रिपोर्ट आज तक नहीं आयी।

उक्त आपत्तिजनक उद्धरण न सिर्फ हिन्दी की पुस्तक में बल्कि अंग्रेजी की भी किताब में इसी तरह के उद्धरण है, अब तक 15 हजार से अधिक छात्रों को देश भर में हिन्दी एवं अंग्रेजी की पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है। इस शीर्क को लिखने वाले इसी वि0वि0 के इतिहास के प्रोफेसर हैं।

मुझे लगता है कि यह अत्यंत गंभीर मामला है, लगातार हिन्दू आस्था के प्रतीक देवी देवताओं के विरूद्ध सोची समझी साजिश के तहत बदनाम करने की नीयत से यह किया जा रहा है। इसके भविय में गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

मेरी मांग है कि तत्काल ऐसे आपत्तिजनक उद्धरण को पुस्तकों से हटाया जाये।